
## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# सीमा तक सड़क सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का हुआ विस्तार

**जनसंपर्क**

## केंद्र सरकार ने सैनिकों की वर्षो से लटकी समस्याओं का किया समाधान: जनरल वीके सिंह

नाचनी में भाजपा प्रत्याशी धन सिंह धामी के पक्ष में चुनावी जनसभा को किया

**संवाददाता**



पिथौरागढ़। केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने देश मे सैनिकों का मान बढ़ाया है। केंद्र सरकार ने सैनिकों की वर्षो से लटकी समस्याओं का समाधान किया है। सोमावार को सिंह धारचूला विधान सभा के मुनस्यारी के प्रवेश द्वार नाचनी में भाजपा प्रत्याशी धन सिंह धामी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बीती देर रात्रि को उनका कार्यक्रम तय हुआ। इसके बावजूद भारी संख्या में भीड़ जुटी। बागेश्वर जिले से भी जनता पहुची। पूर्व सैनिकों की संख्या अधिक रही।

जनरल सिंह ने भी पूर्व सैनिकों को लेकर अपना संबोधन किया। उन्होंने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों को गिनाया। पार्टी प्रत्याशी धन सिंह को जमीन से जुड़ा प्रत्याशी बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के रहते देश सुरक्षित है। सीमाए मजबूत हुई है। सीमा तक सड़क सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हुआ है। भाजपा सरकार ने काम किए है। कार्यो को लेकर भाजपा प्रदेश में फिर से सरकार बना रही है। लगभग चालीस मिनट तक उन्होंने सभा को संबोधित किया। इसके अलावा वीके सिंह चम्पावत भी पहुंचे।

चंपावत विधान सभा सीट पर पार्टी के उच्च पदाधिकारियों की उपस्थिति में पार्टी प्रत्याशी कैलाश गहतोड़ी से नाराज चल रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य गोविंद सामंत की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया जा था है।

केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह समक्ष गोविंद को बुलाकर उनसे बंद कमरे में वार्ता की जा रही है। उनकी नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। गोविंद ने भी पार्टी से टिकट मांगा था। लेकिन उन्हें टिकट नहीं मिला। इससे पार्टी में भीतरघात की संभावना ज्यादा थी। जिस कारण उनसे वार्ता की जा रही है।

## न्यूज डायरी

### उत्तराखंड में हल्की बारिश–बर्फबारी के आसार

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में मौसम शुष्क बना हुआ है। दिन में चटख धूप ठंड से फौरी राहत दे रही है, लेकिन सुबह–शाम सर्दी का सितम बरकरार है। मैदानी इलाकों में कोहरा और पहाड़ों में पाला दुश्वारी बढ़ा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से प्रदेश में मौसम फिर करवट बदल सकता है। जिससे कहीं–कहीं हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार प्रदेश में सोमवार को मौसम शुष्क रहा। हालांकि, मंगलवार से मौसम के करवट बदलने के आसार हैं। पर्वतीय इलाकों में हल्के हिमपात और निचले इलाकों में बेहद हल्की बारिश हो सकती है। हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर के कुछ इलाकों में कोहरा छाया रह सकता है। पहाड़ों में पाला गिरने के आसार हैं।

### मैंने काम भाजपा प्रत्याशी को जीतने का काम दे दिया

**संवाददाता** चम्पावत। भाजपा एक सशक्त व राष्ट्रप्रेमी पार्टी है। भाजपा ने जनता के लिए किसानों के लिए काम किया है। या यूं कहें कि भाजपा ने हर वर्ग के लिए पारदर्शी तरीके से कम किया। कांग्रेस सरकार ने हर कार्य में भ्रष्टाचार किया। चाहे वह पासपोर्ट बनाना हो या राशन कार्ड। आज आपका पासपोर्ट, 48 घंटे तो राशन कार्ड चंद घंटों में बन जाता है। सबकुछ फ्री देने के चक्कर में न पड़े। फ्री में चीजों को देने वाले नेताओं से जनता दूर रहे। फ्री की चीजें हमें कुछ सोचने समझने का मौका नहीं देतीं। यह बात सोमवार को भाजपा प्रत्याशी कैलाश गहतोड़ी के समर्थन में जन सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह ने कही।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने इनश्योरेंस' पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**संवाददाता** देहरादून। एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध इनश्योरेंस सॉल्युशन्स की विस्तृत श्रृंखला का विस्तार करते हुए, आईसीआईसीआई लोमबर्ड जनरल इनश्योरेंस' कंपनी के साथ साझेदारी में साइबर इनश्योरेंस' की पेशकश की है। डिजिटल पेमेंट्स और लेनदेन में वृद्धि से ऑनलाइन फ्रॉड में भी वृद्धि हुई है और यह प्रक्रिया तेजी से जटिल होती जा रही है। आईसीआईसीआई लोमबर्ड का साइबर इनश्योरेंस' सॉल्युशन्स ग्राहकों को बैंकिंग, क्रेडिट या डेबिट कार्ड से आइडेंटिटी थेफ्ट, फिशिंग या ईमेल स्पूफिंग आदि के जरिये होने वाली संभावित वित्तीय धोखाधड़ी के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है। एयरटेल पेमेंट्स बैंक के ग्राहक एयरटेल थैंक्स ऐप का उपयोग करके मिनटों में इस साइबर इनश्योरेंस' पॉलिसी को खरीद सकते हैं।

# पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ उतारी महिला दस्ता

**संवाददाता** देहरादून। दून पुलिस ने नो पार्किंग में खड़े वाहनों के खिलाफ महिला पुलिसकर्मियों का दस्ता सड़कों पर उतारा है। इनके वाहन में क्लैंप (पहियों में लगाए जाने वाला उपकरण) होगा। इसे वह पार्किंग में खड़े वाहनों के पहियों में लगाएंगे। इसके बाद संबंधित वाहन चालान भुगतने के बाद ही छूट पाएगा। महिलाओं को इस अभियान में उतारने के पीछे सड़कों पर होने वाले विवाद को कम करना भी है। पुरुष सिपाहियों से लोग भिड़ जाते थे, लेकिन महिलाओं के साथ इस बात की संभावना कम रहेगी।

पुलिस अधीक्षक यातायात अक्षय कोंडे ने बताया कि डीआईजी/एसएसपी जन्मेजय खंडूरी के निर्देश पर यातायात सुधार के लिए नए प्रयोग किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और सड़कों पर कहीं पर भी वाहनों को खड़ा करने की लोगों की आदत में सुधार लाये जाने के लिए यह तरीका अपनाया जा रहा है। इसके लिए यातायात पुलिस में नियुक्त महिलाओं की विशेष टीम (क्लैंप मोबाइल वाहन) तैयार कर एक यातायात महिला पेट्रोलिंग दस्ता की शुरुआत की गयी है। यह टीम शहरी क्षेत्र में घूमकर ऐसे वाहनों को उसी स्थान पर क्लैंप लगाकर वाहन के टायर को जाम कर देगी। यह टीम चौराहों के आसपास के बजाए शहर की सड़कों पर सभी स्थानों पर घूमेगी। पुलिस को इसका लाभ यह भी मिलेगा कि पुरुष पुलिस कर्मचारी से अक्सर क्लैंप लगाने पर लोग भीड़ जाते हैं। लेकिन, महिला पुलिस कर्मचारियों के साथ ऐसा बहुत कम होगा।



### औली में शुरू हुई नेशनल स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चैंपियनशिप

**संवाददाता** औली में शुरू हुई नेशनल स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चौंपियनशिप। गोपेश्वर। औली में नेशनल स्कीइंग एंड स्नो बोर्ड चौंपियनशिप शुरू हो गई है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए 16 राज्यों की टीमों के 350 खिलाड़ी औली पहुंच चुके थे। सभी टीमों के लिए औली में ठहरने की व्यवस्था की गई है। चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बताया कि सोमवार से शुरू होने जा रही इस तीन दिवसीय चौंपियनशिप का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुख्य सचिव एसएस संधु ने किया। पहले दिन नंदादेवी स्कीइंग स्लोप में प्रतिभागी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। अल्पाइन स्कीइंग के अंतर्गत जाइंट सलालम इवेंट होगा। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, उड़ीसा, लद्दाख, सेना, आइटीबीपी की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# टोल मांगने पर कार सवार चार युवकों ने तलवार से किया हमला

**संवाददाता** ऊधमसिंह नगर। ऊधमसिंह नगर में किच्छा की तरफ जा रहे कार सवार चार युवक टोल मांगने पर कर्मचारियों से भिड़ गए। तलवार से किए गए हमले में दो टोल कर्मचारी घायल हो गए हैं। वहीं आरोप लगाया गया है कि पुलिस के सुपुर्द करने के बावजूद उन्हें चौकी से छोड़ दिया गया। वहीं यह पूरी घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई है।



जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह रुद्रपुर से किच्छा की तरफ कार सवार चार युवक जा रहे थे। सुबह करीब 7रू45 बजे वह चुटकी देवरिया स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के टोल प्लाजा पर पहुंचे। जहां कर्मचारी ने चालक से टोल देने को कहा।

आरोप है कि चारों युवकों ने खुद को धार्मिक यात्रा में बताते हुए टोल देने से मना कर दिया। कहा कि पूरे भारत में उनका कहीं भी टोल नहीं लगता है। ऐसे में कर्मचारी ने टोल से छूट पाने वाले लोगों में उन्हें शामिल होना न बताकर धनराशि देने को कहा। आरोप है कि चारों युवकों ने उनके साथ बदतमीजी और गाली–गलौज करनी शुरू कर दी। टोल कर्मियों ने उन्हें मैनेजर के कार्यालय में जाकर बात करने को कहा, इस पर भी वह नहीं माने।

आरोप है कि इस दौरान कार सवार ने 11 नम्बर लेन के टोल कर्मचारी के ऊपर तलवार से हमला कर दिया। कर्मचारी अजय कुमार ने बताया कि वह छूट देने से मना कर रहा था और उसने कहा कि यदि वह छूट की श्रेणी में आते हैं तो सीनियर से बात कर सकते हैं। ऐसे में उन्होंने बदतमीजी और गाली देते हुए खुद ही टोल का गेट खोलने का प्रयास किया। मना करने पर उन्होंने तलवार से हमला कर दिया। वहीं सहकर्मी को बचाने आए दूसरे कर्मचारी अरुण कुमार पर भी तलवार से हमला किया गया।

### भाजपा पांच साल में लोगों को रोजगार देने का साक्ष्य दे तो संन्यास ले लूंगा: रावत

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने धौलछीना, सोमेश्वर तथा चौखुटिया में जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। धौलछीना में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पांच साल में कुछ नहीं किया और जब विदाई की बेला आई तो वादों का पिटारा खोल दिया। उन्होंने कहा कि उनकी तीन साल की सरकार ने 32,000 लोगों को सरकारी नौकरियां दीं, जबकि भाजपा सरकार पांच साल में 3200 को भी नौकरी नहीं दे सकी। अगर भाजपा उन 3,200 लोगों की लिस्ट दिखा दे जिन्हें उसने रोजगार दिया हो, तो वह राजनीति से संन्यास ले लेंगे। उन्होंने सरकार बनने पर पांच साल में चार लाख रोजगार देने का वादा किया। सोमेश्वर में हरीश रावत ने कहा कि यदि उनकी सरकार बनी तो कन्या धन, गौरा देवी, नंदा देवी योजना समेत 21 तरह की पेंशन योजनाओं को लागू करेंगे।